राजकीय महाविद्यालय
देवगनपुरा, पनवाड़ी, जनपद - महोबा
E-mail - gmcdevganpur@gmail.com

सा विद्या या विमुक्तये

पत्रांक. मेमो

दिनांक 22/02/2020

सेवा में,

उप निदेशक (रूसा)

राज्य परियोजना निदेशालय, उ0प्र0,

लखनऊ।

विषय- "एक भारत श्रेष्ठ भारत" के अन्तर्गत दिनाँक- 20.02.2020 को अरूणाचल प्रदेश राज्य का स्थापना दिवस आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक- 1542/SPD/RUSA/377/19, दिनाँक- 28.01.2020 के अनुपालन में महाविद्यालय में आज दिनाँक-20.02.2020 को अरूणाचल प्रदेश राज्य का स्थापना दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर पर "एक भारत श्रेष्ठ भारत" क्लब के सदस्य डॉ0 अजय सिंह यादव के द्वारा छात्र/छात्राओं को अरूणाचल प्रदेश राज्य से सम्बन्धित प्राचीन इतिहास एवं आधुनिक समय में स्थापित अरुणाचल प्रदेश के जनसांख्यिकी आंकड़े, भौगोलिक सीमाओं एवं सामाजिक जीवन के बारे में बताया गया एवं अरूणाचल प्रदेश राज्य की भाषा, लोक-संस्कृति, खान-पान, वेश-भूषा के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। "एक भारत श्रेष्ठ भारत" क्लब के अन्य सदस्यों द्वारा अरूणाचल प्रदेश राज्य के लोकगीत, लोक-कथाएँ, लोकोक्तियाँ एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये तथा रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी। इस अवसर पर समस्त छात्र/छात्रओं को पूर्वोत्तर राज्यों विशेषकर अरुणाचल प्रदेश से सम्बन्धित विभिन्न विषयों के प्रति जागरूकता प्राप्त करने तथा समाज के अन्य वर्गों को जागरूक करने हेतु प्रेरित किया गया।

भवदीय,

प्राचार्य

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय देवगनपुरा
पनवाड़ी, महोबा (उ0प्र0)